विचार प्रवाह

मेरा गौरव मेरा हिन्दू नववर्ष

भारतवर्ष ने विश्व को काल गणना का अद्वितीय सिद्धांत प्रस्तुत किया है । सृष्टि की संरचना के साथ-साथ ही पितामह ब्रह्माजी ने काल चक्र का भी निर्धारण कर दिया। ग्रहों और उपग्रहों की गति का निर्धारण कर नक्षत्र प्रदान कर दिये ।

चार युगों की सार्थक परिकल्पना, बारह मास और विभिन्न तिथियों का निर्धारण काल गणना का ही प्रतिफल है जो आज हम बहुत आसानी से देख सकते है। हमारी पञ्चाङ्ग रूपी काल गणना का परिणाम कदापि विफल न रहा। भारतीय पञ्चाङ्ग प्रबलता के साथ, दिशा निर्देशक भी रहा है ,भविष्य में किस प्रकार की चुनोतियों का सामना करना पड़ेगा इस बात की चिंता भी जताता रहा है। यह काल कल्पना वैज्ञानिक सत्यों पर आधारित है। मनुष्य ने काल पर अपनी अमिट छाप छोड़ने के उद्देश्य से कालचक्र को नियन्त्रित करने का भी प्रयास किया । उसने विक्रम संवत, शक-संवत, हिजरी सन ईसवी सन आदि की परिकल्पना की।

जैन और बौद्ध मतावलंबियों ने अपने-अपने ढंग से काल गणना के सिद्धान्त बनाये । हमारे देश में नव संवत्सर का प्रारम्भ विक्रम संवत् के आधार पर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से माना जाता है और पाश्चात्य दृष्टि से प्रथम 01 जनवरी को नव वर्ष का शुभारम्भ होता है ।

भारतीय मतानुसार महाराज विक्रमादित्य ने विक्रम संवत का प्रारम्भ किया था । इसकी गणना चंद्रमा के आधार पर की जाती है । इसी दिन से नवरात्र का प्रारम्भ होता है । इस दिन मंदिरों और घरों में घट स्थापित की जाती हैं । जौ बोए जाते हैं और नौ दिन पश्चात् पवित्र नदियों में प्रवाहित कर अपनी मनोकामना पूर्ण की जाती है।हिन्दू नववर्ष को मानने वाले लोग इन दिनों मांगलिक कार्यों का आयोजन करते हैं । गृह-प्रवेश, लगन-सगाई, मानव्रत और विवाह आदि के लिए यह समय सर्वोत्तम माना जाता है। अनेक आस्तिक लोग रामायण पाठ का आयोजन करते हैं । व्यापारी लोग नये बही खाते प्रारम्भ करते हैं । नई दुकानों और व्यापारिक संस्थानों की स्थापना-उद्घाटन करते हैं।

देश भर में प्रचलित परम्पराओं की बात करें तो आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र में घरों को आम के पेड़ की पत्तियों के बंदनवार से सजाया जाता है. इसी तरह 'उगादि' के दिन ही पंचांग भी तैयार होता है. हृदयस्पर्शी है कि महान गणितज्ञ भास्कराचार्य ने इसी दिन से सूर्योदय से सूर्यास्त तक दिन, महीना और वर्ष की गणना करते हुए 'भारतीय पंचांग ' की रचना कर हमारा मार्ग प्रशस्त किया। कई व्यक्तियों की यह भी मान्यता है कि इसी दिन भगवान राम ने बालि के अत्याचारी शासन से दक्षिण की प्रजा को मुक्त कराया था. राजा बालि के संत्रास से मुक्त होकर प्रजा ने घर-घर में उत्सव मनाकर ध्वज (गुड़ि) लगाए थे। उसी की याद में आज भी घर के आंगन में गुड़ी खड़ी करने की प्रथा महाराष्ट्र प्रदेश में प्रचलित है व वर्तमान में यह अन्य प्रदेशों में भी प्रचलित हो गई है।

दक्षिण के राज्यों की बात करें तो इस अवसर पर आंध्रप्रदेश में घरों में 'पच्चड़ी/ प्रसादम' बांटा जाता है , कहा जाता है कि इसका निराहार सेवन करने से मानव निरोगी बना रहता है. यूँ तो आजकल आम(केरी) बाजार में मौसम से पहले ही आ जाता है, किन्तु आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र में इसी दिन से 'आम' खाया जाता है ,पारंपरिक रूप से नौ दिन तक मनाया जाने वाला यह त्यौहार दुर्गापूजा के साथ-साथ, रामनवमी को राम और सीता के विवाह के साथ सम्पन्न होता है.

हिन्दू परिवारों में घर-घर जाकर एक दूसरे को नूतन वर्ष की बहुत बहुत शुभकामनाएं प्रेषित की जाती है। सबको गले लगाकर मिठाईयाँ बांटी जाती है। हर्षोल्लास के साथ अपने नूतन कार्यो का आरम्भ किया जाता है। भारतीय संस्कृति का संरक्षण करने लिए हमें अपने धर्म तथा हिन्दू संस्कृति का संवर्धन करने हेतु से नित्य हमें तत्पर रहना होगा। सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया के साथ-साथ भारतीय संस्कृति के पोषक तत्वों को, हमारे मान बिंदु देवालय, मठ मंदिर और संस्कृति का संरक्षण करने का संकल्प लेते है।

आपका हिन्दू नववर्ष मंगलमय हो

कृष्णा सेन्दल तेजस्वी
इंदौर मध्यप्रदेश

वैश्विक मंच पर फॉर्मेसी में रिसर्च एवं अनुसंधान से स्थापित होंगें नए आयाम - अरूण यादव

खरगोन। जीआर व्हाय इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, बोरावां में शनिवार 29 मार्च 2025 को क्लीनिकल ट्रायल्स पद्धतियों, चुनौतियों और वैश्विक नवाचार शीर्षक पर एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन हुआ । इस कार्यशाला का उद्देश्य शोधकर्ताओं, स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों और उद्योग विशेषज्ञों को एक साथ लाना था ।

जिससे वे मौजूदा स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान, वैश्विक नवाचारों की खोज और क्लीनिकल ट्रायल्स पद्धतियों में नवीनतम विकास पर चर्चा कर सकें। इस एक दिवसीय कार्यशाला के माध्यम से क्लीनिकल ट्रायल्स की सुरक्षा, पद्धतियों, प्रभावकारिता और नैतिक आचरण सुनिश्चित करने, अनुसंधान ज्ञान साझा व् सहयोग करने के लिए एक मंच प्रदान किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला में मुख्य वक्ता डॉ. बिथेनी कारपेंटर, क्लिनिकल फार्मेसी सुपरवाइजर, मरीन हेल्थ मेडिकल सेंटर, कैलिफोर्निया, यूएसए, और सुश्री एलिस, क्रिटिकल केयर फार्मासिस्ट, ताइपे म्युनिसिपल वानफैंग हॉस्पिटल, ताइवान, ने क्लीनिकल ट्रायल्स पद्धतियों पर वैश्विक परिप्रेक्ष्य में सार्थक सम्भावनाओ, ट्रायल्स दक्षता और रोगी सुरक्षा में सुधार

के उद्देश्य से नवीन रणनीतियों, नियामक प्रगति और सर्वोत्तम प्रथाओं पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. इंद्रजीत सिंघवी, प्रोवोस्ट पेसिफ़िक मेडिकल यूनिवर्सिटी उदयपुर, राजस्थान और डॉ. नीरज उपमन्यु प्रो-वाईस चांसलर सेज यूनिवर्सिटी, भोपाल उपस्थित थे। इस प्रतिष्ठित कार्यशाला को वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (एमपीसीएसटी) और परमाणु विज्ञान अनुसंधान बोर्ड (बीआरएनएस) द्वारा प्रायोजित किया गया था, जो फार्मास्युटिकल विज्ञान में अनुसंधान और विकास को आगे बढ़ाने के लिए एक मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पूर्व केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री एवं चेयरमेन अरुण यादव ने सभी मुख्य अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि जी.आर.व्हाय. इंस्टीट्यूट ऑफ फॉर्मेसी बोरावां द्वारा क्लिनिकल ट्रायल विषय पर आयोजित एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला ने फॉर्मेसी के शोधकर्ताओं, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को एक विशिष्ट मंच प्रदान किया है । इससे वैश्विक मंच पर रिसर्च एवं अनुसंधान के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित होंगें । अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला के माध्यम से फॉर्मेसी के क्षेत्र में ज्ञान एवं रिसर्च साझा हो सकेगी और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आपसी संवाद एवं ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा । यह अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला क्लिनिकल परीक्षण के क्षेत्र में भारत, अमेरिका और ताइवान के बीच सहयोग वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल एवं अनुसंधान को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया

महेश्वर। केंद्रीय हिंदी सस्थान आगरा के द्वारा अनुमोदित लोक साहित्य निर्माण सामग्री की दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन स्थानीय शास्त्री कामर्स होम महेश्वर में किया गया। जिसमें पद्मश्री जगदीश जोशीला जी बतौर अतिथि भाषाविद् के रूप में आमन्त्रित थे। उन्होंने लोक कथाओं की प्रामाणिकता, व्याकरण, वर्तनी पर विशेष ध्यान रख कर कार्य करने के निर्देश दिये।

विषय विशेषज्ञ के रूप में संस्कार भारती के नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष हरिवल्लभ शास्त्री, निमाड़ी अंचल की लोक गीत गायिका मनीषा शास्त्री एवं गीत-

भजन गायिका रजनी उपाध्याय खरगोन ने कार्य शाला में सहभागिता की। नर्मदा जी की महिमा के गीतकार हिंदी संपादक हरीश दुबे ने कार्यशाला का शुभारम्भ हिंदी संपादक की भूमिका में किया सर्व प्रथम अतिथियों ने सरस्वती माता का पूजन किया। पश्चात भूमिका में निमाड़ी भाषा में म. प्र. शासन संस्कृति विभाग द्वारा सिंगा जी सम्मान से सम्मानित एवं निमाड़ी संपादक नियुक्त विजय जोशी ने बताया कि मनीषा शास्त्री ने प्रभाती, कुकड़ा एवं गणपति गीत जैसे लोक गीत के मुखड़ों को अपना स्व माधुर्य देकर शिक्षण समाग्री में इन्हें सम्मिलित करने की बात कही।

नगर के पेंशनर संघ अध्यक्ष मनमोहन जोशी ने कार्य शाला को संबोधित करते हुए निमाड़ी का आदर्श स्थापित करने वाली नीति कथाओं को शामिल करने का आग्रह किया। दो दिवसीय कार्यशाला में उपस्थित अतिथियों का आभार समाज सेवी नरेंद्र झावरे ने माना।

संस्कृति, पर्यटन एवं धार्मिक न्यास राज्य मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी का 31 मार्च को महेश्वर आगमन

खरगोन। मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्य मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी का 31 मार्च को महेश्वर आगमन हो रहा है। राज्य मंत्री श्री लोधी 31 मार्च को प्रात: 10 :20 बजे ओंकारेश्वर से महेश्वर के लिए प्रस्थान करेंगे और प्रात: 11 :40 बजे महेश्वर पहुचेंगे। राज्य मंत्री श्री लोधी दोपहर 03:30 बजे एमपीटी नर्मदा रिसोर्ट में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का स्वागत करेंगे और सांय 4 :15 बजे एमपीटी से अहिल्या गादी के लिए प्रस्थान करेंगे। सांय 4 :25 बजे लोकमाता अहिल्या बाई की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण करेंगे और अहिल्या किले से 4 :35 बजे बूढ़ी जीन कार्यक्रम स्थल के लिए प्रस्थान करेंगे। मंत्री श्री लोधी सांय 4 :45 बजे से बूढ़ी जीन में लोकमाता अहिल्या बाई के पुण्य गाथा कार्यक्रम में शामिल होंगे।

बच्चों को पोषण के साथ पढ़ाई से जोड़ने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया

झिरन्या सक्षम आंगनबाड़ी 2.0 अंतर्गत पोषण भी पढ़ाई भी का द्वितीय बेच तीन दिवसीय प्रशिक्षण 27 से 29 मार्च तक महिला बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी भारती आवासीया के मार्गदर्शन में किया जा रहा है जिसमें परियोजना अधिकारी श्रीमती निर्मला वर्मा द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकताओं को नई शिक्षा के तहत पोषण की पढ़ाई के महत्व की जानकारी विस्तार से दी गई प्रशिक्षण में की जा रही कार्यकर्ता द्वारा सामूहिक गतिविधियों का अवलोकन कर मार्गदर्शन किया गया आंगनबाड़ी के समस्त हितग्राही गर्भवती माताएं किशोरी बालिकाएं 0 से 3 वर्ष के बच्चे 3 से 6 वर्ष के बच्चे सभी को कुपोषण एवं एनीमिया मुक्त रखने तथा तीन से 6 वर्ष के बच्चों को पोषण के साथ पढ़ाई से जोड़ने हेतु प्रशिक्षण दिया गया जिसमें पर्यवेक्षक श्रीमती ज्योत्सना जायसवाल बिंदु गोरे कमला ब्राह्मण नाजिया खान राजकुमारी चौहान ब्लॉक समन्वयक पियूष नायक एवं दिनेश चौहान ओर प्रशिक्षण में भाग लेने वाली समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गुड़ी पड़वा पर अक्षय पात्र ने शुरू की जल सेवा

मंडलेश्वर। नगर की अक्षय पात्र सेवा समिति द्वारा ग्रीष्म ऋतु के आरम्भ में हिंदू नव वर्ष गुड़ी पड़वा से बस स्टैंड पर यात्रियों के लिए जल सेवा की शुरुआत की है इस सेवा का शुभारंभ बस स्टैंड पर समारोह पूर्वक किया गया जहां नगर परिषद मंडलेश्वर के अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे की उपस्थिति में सेवा का संचालन शुरू किया गया। नगर की समाजसेवा करने वाली संस्था अक्षय पात्र सेवा समिति द्वारा 2011 से यह सेवा चलाई जा रही है। समिति के अध्यक्ष संतोष मोयदे ने बताया कि संस्था प्रतिवर्ष अप्रैल मई और जून तीन माह तक यह जल सेवा करती है जिसमें दो सेवक बसों में जाकर यात्रियों को ठंडा पानी पिलाते है। इस बार इसमें सहयोग के लिए तीन अन्य संस्थाओं ने भी भागीदारी की है महेश्वर क्षेत्र के पहले विधायक स्वर्गीय जड़ावचंद जैन और स्वर्गीय राजमल जैन की स्मृति में उनके वंशजों एवं शिवकृपा संस्था की ओर से इस पुनीत कार्य में भागीदारी की जा रही है इसके अलावा अक्षय पात्र की ओर से नगर के विभिन्न स्थानों पर लगभग 40 राजन (मटके) रखकर ठंडा जल उपलब्ध कराया जा रहा है यह सेवा भी गर्मियों में चलेगी।

रसोई घर में बनाये गुप्त तहखाने से भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

महेश्वर। कलेक्टर भव्या मित्तल के आदेश पर सहायक आयुक्त आबकारी सत्यनारायण दुबे के निर्देशानुसार तथा नियंत्रण कक्ष प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी सजेंद्र मोरी के मार्गदर्शन में वृत्त महेश्वर के आबकारी दल द्वारा शनिवार को ग्राम कतरगांव में विश्वसनीय मुखबिर सूचना पर रामदेव दांगी के रिहायशी मकान पर दबिश दी गयी।

तलाशी के दौरान मकान के

रसोईघर के नीचे बने गुप्त तहखाने से बड़ी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई । उक्त कार्रवाई में 17 गत्ते के बॉक्स में छुपाकर रखे देशी मदिरा के 437 क्वार्टर, विदेशी मदिरा के 210 क्वार्टर, बियर मदिरा 42 केन व 19 बोतल को मिलाकर कुल 140.88 बल्क लीटर देशी-विदेशी मदिरा बरामदगी पर वृत्त प्रभारी देवराज नगीना,आबकारी उपनिरीक्षक द्वारा म. प्र. आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी रामदेव दांगी को गिरफ्तार किया गया।

उक्त कार्यवाही में जप्त मदिरा का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 95,000 रूपये है ।

उक्त् कार्रवाई में आबकारी मुख्य आरक्षक दिलीप मालवीय व आरक्षक युनुस खान का योगदान रहा।

नगर के सागर ठाकुर कांग्रेस आईटी सेल मध्य प्रदेश प्रदेश सचिव पद पर मनोनीत

महेश्वर। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश अनुसार नगर के सागर ठाकुर कांग्रेस आईटी सेल मध्य प्रदेश प्रदेश सचिव के पद पर मनोनीत किया गया है। उनकी नियुक्ति होने पर नगर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है।

सागर ठाकुर की इस नियुक्ति पर अर्जुन ठाकुर, अरुण यादव, विधायक कसरावद सचिन यादव ने बधाई दी है। सागर ठाकुर ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार, कसरावद विधायक सचिन यादव का में हृदय से आभारी हूं कि मुझे कांग्रेस आईटी सेल मध्य प्रदेश का प्रदेश सचिव के पद पर मनोनीत किया है मैं विश्वास दिलाता हूं मुझे जो दायित्व सौंपा गया है उसका पूर्ण रूप से पार्टी हित में कार्य करने का प्रयास करूंगा।

हरबोला ब्रदर्स पधारे पर्यटन नगरी महेश्वर

महेश्वर। सोशल मीडिया में लोकप्रिय हरबोला ब्रदर्स अंकित शर्मा एवं अंकित पाटीदार महेश्वर पधारे। निमाड़ की संस्कृति पर केन्द्रित निर्माण की श्रंखला को लेकर अपनी आगामी योजना पर उन्होंने लोक साहित्यकार हरीश दुबे के निवास पर विस्तृत चर्चा की।

इस अवसर पर गुरुसिंघ सभा के सरदार अमरजीत सिंह भाटिया, इंदौर के कवि अतुल दवे, दवाना के गायक गणेश कुशवाह मौजूद रहे। अनिलोक के अध्यक्ष हरीश दुबे ने उनका सम्मान किया।

प्रांतीय महासम्मेलन एवं होली मिलन समारोह उमंग उत्साह के साथ सम्पन्न

महेश्वर। प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन मध्य प्रदेश भोपाल की तहसील इकाई महेश्वर द्वारा प्रांतीय महासम्मेलन एवं होली मिलन का आयोजन देवी अहिल्या त्री शताब्दी जयंती पर देवी अहिल्या को समर्पित करते हुए बाडदवखन हनुमान मंदिर परिसर में मनाया गया। इस आयोजन की अध्यक्षता संघ के प्रांतीय अध्यक्ष ओ.पी. बुधौलिया ने की।

मुख्य अतिथि माननीय विधायक राजकुमार मेव और विशेष अतिथि अशोक गुप्ता प्रांतीय विद्युत पेंशनर हित रक्षक संघ भोपाल थे। विशेष आमंत्रित अतिथियों में उप प्रांतध्यक्ष रतलाम कीर्ति शर्मा, मडंल अध्यक्ष विक्रम पटेल, प्रांतीय महामंत्री सुभाष शर्मा, ओर पुरूषोतम पुरोहित, बी.के.

मैं पेंशनरों के हितों के लिए अपने जीवन की अंतिम सांस तक संघर्ष करता रहूंगा ओ. पी. बुधौलीया

अनीता दीदी, संचालिका प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ने भी पेंशनर को मेडिसन करवाया। प्रांतीय प्रवक्ता के. के. पुरोहित ने संबोधित किया जिला अध्यक्ष बालमुकुंद सिसोदिया भी उपस्थित रहे। अतिथियों ने देवी अहिल्या की प्रतिमा और मां सरस्वती की प्रतिमा का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महेश्वर तहसील अध्यक्ष मनमोहन जोशी स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर 75 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके 15 पेंशनरों का विशेष सम्मान किया गया । पेंशनर के विगत वर्ष का बजट गोरी शंकर श्री माली, रमेश

वर्मा ने प्रस्तुत किया, सभी अतिथियों को सम्मान शाल श्रीफल ओर स्मृति चिन्ह से चौहान हैंडलूम के संचालक राजाराम चौहान द्वारा किया गया। सभी अतिथियों को आयोजन की रूपरेखा के साथ प्रांतीय मांग पत्र की प्रति का फोल्डर दिया जाकर अनुरोध किया गया कि पेंशनरों के हित में प्रदेश स्तर पर उचित संयोजन किया जावे। खरगोन जिले की 16 इकाइयों के अतिरिक्त धार, झाबुआ, खंडवा, अलिराजपुर, जोबट, थांदला, अलीराजपुर, रानापुर, भीकनगांव, खरगोन, इंदौर के सदस्य भी उपस्थित रहे उनके अध्यक्षों का स्वागत सम्मान किया गया। महेश्वर इस ऐतिहासिक प्रांतीय 400 से अधिक पेंशनर डेलीगेट्स उपस्थित रहे। आयोजन का संचालन वासुदेव पुरोहित ने किया। आभार नरेंद्र झावरे ने व्यक्त किया। आयोजन को सफल बनाने में के के पुरोहित, मनमोहन जोशी, कंरडे, अंबाराम भालेकर, गौरीशंकर श्री माली, नरेंद्र झावरे, कड़वा नागराज, रमेश वर्मा, रेवाराम पटेल, राजाराम चौहान, राजेन्द शिवदेओकार वर्मा के आर डोगरे राजेंद्र गुप्ता की मुख्य भूमिका रही। प्रांताध्यक्ष अशोक गुप्ता विधुत पेंशनर हित रक्षक संघ भोपाल ने कहा सरकार ओर विधुत कम्पनियां दोनों मिलकर पेंशनर के डी ए देने में क्यों देरी कर रही। मुख्य अतिथि एवं विधायक राजकुमार मेव ने कहा कि आपका मांग पत्र मेरा है मै स्वयं आपके मांग पर माननीय सीएम तक पहुंचाऊंगा ओर प्रोग्रेसिव पेंशनर के स्थानीय मांग पत्र मेरे दिए वचन अनुसार मैं हर। वक्तव्य पूरा करूंगा।

जल गंगा संवर्धन अभियान में सीएमसीएलडीपी के छात्र छात्राओं को दिलाई शपथ

खरगोन। जन अभियान परिषद खरगोन जिला समन्वयक विजय शर्मा और ब्लॉक समन्वयक कालू सिंह मंडलोई के निर्देशन पर भीकनगाव में जल गंगा संवर्धन अभियान की सीएमसीएलडीपी के छात्र छात्राओं को जलस्त्रोतों संरक्षण की शपथ दिलाई। इस शपथ में जल का विवेकपूर्ण तरीके से उपयोग करने, जल स्त्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने, पानी की हर एक बूंद का संचयन करने, जल शक्ति अभियान केच द रैन को बढ़ावा देने एवं जल को व्यर्थ न बहने देने का संकल्प दिलाया।